
# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 19.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, राष्ट्रीय सहारा, जनसंदेश टाइम्स, तरुणमित्र न्यूज़, काशीवार्ता, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**


## अमर उजाला–दि0 19.01.2025



### सोलर प्लांट लगवाने के निर्देश दिए

**वाराणसी।** वीडीए वीसी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें उन्होंने विकास प्राधिकरण में कार्यरत नियमित, संविदा कर्मचारियों और समस्त पेंशनधारियों को अपने घरों पर सोलर प्लांट लगाने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी का पंजीकरण कराए और जो रजिस्ट्रेशन न कराएं उनसे एक कारण पूछ कर फार्म जमा कर लें। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 19.01.2025



### अवैध निर्माण पर नजर रखेंगे भूतपूर्व सैनिक

**वाराणसी :** वरुणा किनारे अवैध निर्माण हो रहे हैं। इस पर नजर रखने के लिए वीडीए ने भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती की है। इन्हें सात जोन में जिम्मेदारी दी जाएगी। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शनिवार को पूर्व सैनिकों को निर्देश दिए। भूतपूर्व सैनिकों को स्वीकृत मानचित्र, दाखिल मानचित्र, सील प्रकरण, बकायेदार की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराते हुए बिना सक्षम स्वीकृति हो रहे अवैध निर्माणों पर कार्रवाई को तैनात किया है। (जासं)

## दैनिक जागरण–दि0 19.01.2025

### वीडीए ने शुरू किया सात पार्कों का निर्माण

जासं, वाराणसी : विकास प्राधिकरण ने अपनी अवस्थापना निधि से पिछले वर्ष 75 पार्क बनाने का निर्णय लिया था। इस पर लगभग 25 करोड़ की लागत आएगी। इसमें से सात पार्कों का निर्माण शुरू भी हो गया है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को इसे लेकर बैठक हुई। इसमें बताया गया कि परियोजना के पहले चरण में 25 पार्कों को शामिल किया गया है। इसमें से जिन सात पार्कों का निर्माण शुरू हो गया है उसमें अशोक नगर कालोनी बी ब्लाक, महादेव नगर कालोनी, होली पार्क लालपुर बी ब्लाक, शंकरपुरी कालोनी, पत्रकारपुरम कालोनी, निराला पार्क, आफिसर्स कालोनी पार्क खजुरी शामिल है।

## दैनिक जागरण–दि0 19.01.2025

### बिना लेआउट स्वीकृत प्लाटिंग को बीडीए ने किया ध्वस्त

- सारनाथ के संदहा में कालोनाइजर बिना लेआउट कर रहा था प्लाटिंग
- चोरी-छिपे रुक-रुक कर रात्रि में हो रहा था निर्माण, किया गया सील

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण वाराणसी की टीम ने बिना ले आउट स्वीकृत कराए संदहा में की जा रही प्लाटिंग को शनिवार को ध्वस्त कर दिया।

वीडीए के वार्ड सारनाथ के संदहा में चंद्रभान सिंह नामक कालोनाइजर बिना ले आउट प्लाटिंग कर रहे थे। दो बीघा में ईंट की बाउंड्री बनाकर प्लाट काटे गए थे। सूचना मिलने पर जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार, अवर अभियंता वर्तिका दूबे प्रवर्तन दल और पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की।

**दो मकान किए सील :** वीडीए के वार्ड भेलूपुर में काशमीर सिंह व अन्य द्वारा और एकेएस व दीपक मिश्रा द्वारा रोहित नगर नरिया के सामने बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था। इस कारण जोनल अधिकारी संजीव कुमार एवं अवर अभियंता सोनू कुमार के नेतृत्व में दोनों मकानों को सील कर दिया। दोनों निर्माण को नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम के तहत नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद निर्माणकर्ता माने नहीं और चोरी-छिपे रुक-रुक कर रात्रि में निर्माण करते रहे।

## हिन्दुस्तान–दि0 19.01.2025

### सख्ती: वीडीए ने सात अवैध निर्माण सील किए

वाराणसी। वीडीए ने शनिवार को शुद्धीपुर, गणेशपुर, शिवपुर में तीन अवैध निर्माण सील किये। शुद्धीपुर में 20 गुणा 20 वर्गफीट में बिना स्वीकृति निर्माण सील किया गया। तरना में अवैध निर्माण पर कार्यवाही की गई। सारनाथ वार्ड के उमरहां में 2 बीघा में अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की गई। इस मौके पर जोनल अधिकारी श्रीप्रकाश कुमार, अवर अभियंता वर्तिका दूबे रहे। उधर, प्रवर्तन टीम ने शनिवार को दशाश्वमेध वार्ड में चार अवैध निर्माणों के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई की।

आज–दि0 19.01.2025

## वरुणा नदी अब भूतपूर्व सैनिकों के हवाले

***विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर जोनवार की गयी तैनाती***

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अब वरुणा को भुतपूर्व सैनिकों के हवाले करने का निर्णय लिया है। इन सैनिकों की नियुक्ति कर विभिन्न जोनों में तैनाती कीं जायेगी। शुरू में सात उपजोन में भूतपूर्व सैनिक तैनात होंगे। जोन संख्या-१ में सिकरौली से गिलट बाजार-चौकाघाट जाने वाली मार्ग दक्षिणी वरुणा नदी तक जोन संख्या एक में ही सिकरौल से गिलट बाजार होते चौकाघाट तक एवं टकटकपुर से पाण्डेयपुर नदी के दक्षिणी क्षोर में ही, शिवपुर से जौनपुर जाने वाली सड़क मार्ग स्थित वरुणा नदी। जौन संख्या-२ वार्ड सारनाथ से अकथा तिराहे से होते हुए संदहा बाजार से गाजीपुर रोड होते हुए अकथा तिराहे से चंद्रा चौराहे बलुआ रोड पर वरुणा नदी के सीमा तक, आदमपुर से वरुणा नदी तक, जैतपुरा वरुणा नदी और जोन संख्या-३ में भदोही रेलवे लाइन से लहरतारा मोहनसराय रोड होते हुए भदोही रेलवे लाइन मार्ग पर स्थित वरुणा नदी के किनारे भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती की गयी है। इसमें भूतपूर्व सैनिक रूप में विजय बहादुर सिंह, अनिल कुमार सिंह, संतोष यादव, शैलेश सिंह, जय शंकर यादव, उमाशंकर यादव की तैनाती की गयी। यह सैनिक क्षेत्र में किसी भी निर्माण को रोकने के लिए काररवाई करेंगे। स्वीकृत मानचित्र, दाखिल मानचित्र, सील प्रकरण, बिना सक्षम स्वीकृति के प्रभावी काररवाई करने के लिए तैनात किया गया है। साथ ही अवैध निर्माण पर रोक लगने के साथ महायोजना-२०३१ वरुणा नदी के सामने ग्रीन बैल्ट का भी संरक्षण का कार्य इनको दिया गया है। इस प्रकार की पहली व्यवस्था वरुणा नदी के लिए की गयी है। सूत्रों के अनुसार असी नदी के निर्धारित किये गये सरकारी अभिलेख के अनुसार अवैध अतिक्रमण के खिलाफ काररवाई के लिए भूतपूर्व सैनिकों को तैनात किया जा सकता है।

आज–दि0 19.01.2025

## छह भवनों का निर्माण कार्य सीज

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को वार्ड दशाश्वमेध में खजुरी के अंतर्गत भवन स्वामी श्वेताभ पाण्डेय और धनंजय सिंह ने बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माणं कर्य कराया था। जानकारी के अनुसार भवन स्वामी होटल का निर्माण करा रहा था। श्वेताभ पाण्डेय और धनंजय सिंह बिना मानचित्र स्वीकृत के निर्माण करा रहे थे। इसी प्रकार विनोद कुमार सिंह भवन स्वामी बिना अनुमति के होटल का निर्माण करा रहे थे। जबकि डाक्टर दिनेश पटेल भी बिना अनुमति के हास्पिटल के निर्माण करा रहे थे। शिकायत के आधार पर जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियंता रविंद्र प्रकाश मौके पर पहुंचे और कार्य कर रहे मजदूरों को भगाने के बाद चारो स्थानों पर भवन का निर्माण सील कर दिया। सील करने के बाद अवर अभियंता ने निकटम थाने की प्रतिरक्षा में भवन को सौंप दिया। इसी क्रम में भेलूपुर वार्ड के अंतर्गत भुखण्ड संख्या बी ३४/१३१ ए, बी ३४/१३१ ए.के.एस और बी ३३/३३ ए रोहित नगर नरिया बिना मानचित्र स्वीकृत किये निर्माण कार्य करा रहे थे। सूचना के आधार पर विप्रा के अभियंताओं की टीम ने इसका निरीक्षण किया था और कार्य बंद कराने की नोटिस भवन स्वामियों को दी थी। लेकिन चोरी-छिपे अवकाश के दिनों में रात्रि के समय भवन स्वामी निर्माण कार्य करना जारी रखा। मौके का निरीक्षण करने के बाद जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता सोनू कुमार ने मौके पर पहुंचने के बाद निर्माण कार्य बंद कराया और भवन को सील करने के बाद स्थानीय थाने की प्रतिरक्षा में इसे सौंप दिया।

राष्ट्रीय सहारा–दि0 19.01.2025

## वीडीए ने अवैध निर्माण ध्वस्त किया

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर विकास प्राधिकरण जोन-दो की प्रवर्तन टीम ने अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। सारनाथ वार्ड के थाना-चौबेपुर मौजा-संदहा उमरहा के अंतर्गत चंद्रभान सिंह की तरफ से बिना ले-आउट स्वीकृत कराए लगभग दो बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी जिसे प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया।

## होटल व अस्पताल समेत चार अवैध निर्माण सील

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर विकास प्राधिकरण जोन-तीन की प्रवर्तन टीम ने कुल चार अवैध निर्माणों के विरूद्ध सील की कार्यवाही की। दशाश्वमेध वार्ड के खजुरी के अंतर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत कराए श्वेताभ पाण्डेय और धनंजय सिंह 5000 वर्ग मी. में गोडाउन का अवैध निर्माण, विनोद सिंह के द्वारा 3000 वर्ग फीट में होटल का अवैध निर्माण, समर पटेल द्वारा 2500 वर्ग फिट में अवैध निर्माण तथा डॉ. दिनेश पटेल द्वारा हॉस्पिटल का अवैध निर्माण कराया जा रहा था। उक्त सभी चारों स्थलों को सील कर दिया गया।

राष्ट्रीय सहारा–दि0 19.01.2025

## साढ़े छह करोड़ से संवारे जा रहे शहर के सात पार्क

**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए की मंडलायुक्त की अध्यक्षता में चार जुलाई को हुई अवस्थापना निधि की बैठक में शहर में स्थित विभिन्न स्थानों पर कुल 75 पार्कों के सौंदर्यीकरण के कार्य को मंजूरी दी गई थी, जिसकी कुल लागत लगभग 25 करोड़ रुपये निर्धारित की गई थी। उक्त के संबंध में शनिवार को उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में पार्कों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पाथवे और पौधरोपण सहित अन्य सुधारात्मक कार्यों पर वार्ता की गयी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पहले चरण में 25 पार्कों को शामिल किया गया है, जिसके लिए छह करोड़ 65 लाख रुपये की निविदा जारी की गई है। वर्तमान में, वाराणसी के विभिन्न क्षेत्रों में सात पार्कों के सौंदर्यीकरण कार्यों की शुरुआत की जा चुकी है।



### ये हैं सात पार्क

- अशोक नगर कॉलोनी बी ब्लॉक
- महादेव नगर कॉलोनी
- होली पार्क लालपुर बी ब्लॉक
- संकरपुरी कॉलोनी
- पत्रकारपुरम कॉलोनी
- निरालापार्क
- ऑफिसर्स कॉलोनी पार्क खजुरी

इन पार्कों में हो रहे कार्यों में आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, ब्रिक वर्क, प्लास्टर, पेंटिंग, इंटरलॉकिंग, हॉर्टिकल्चर, बोरिंग, बेंच, झूला इत्यादी जैसे कार्य प्रमुख रूप से किए जा रहे हैं। इन सुधारों के जरिए पार्कों को अधिक आकर्षक और उपयोगी बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय निवासियों को बेहतर वातावरण मिलेगा और उन्हें सुबह-शाम की सैर का आनंद लेने में मदद मिलेगी। विकास प्राधिकरण इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने में जुटा हुआ हैं और आने वाले दिनों में इस परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत भी की जाएगी। बैठक में सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, अपर सचिव परमानंद यादव तथा अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 19.01.2025

# वीडीए के क्षेत्र में अब अवैध निर्माण रोकेंगे पूर्व सैनिक



**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर वरूणा नदी के किनारे से संलग्न उप जोन में अनाधिकृत निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती की गयी है। वीडीए उपाध्यक्ष की तरफ से तैनात किये गये भूतपूर्व सैनिकों को शनिवार को आवश्यक कार्यवाही के लिए बिंदुवार निर्देश दिया गया। इन भूतपूर्व सैनिको को अनिधकृत निर्माण होने पर प्रारम्भ में ही पूरी तरह बंद कराते हुए प्रभावी कार्यवाही कराने का निर्देश दिया गया है। विकास प्राधिकरण द्वारा निम्नवत सात उपजोन में भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती की गयी है।

जोन संख्या-01 के अन्तर्गत वार्ड-सिकरौल में संत अतुलानंद गिलट बाजार चौराहा से चौकाघाट जाने वाली सड़क मार्ग के दक्षिण वरूणा नदी तक के समस्त क्षेत्र की निगरानी के लिए भूतपूर्व सैनिक विजय बहादुर सिंह को तैनात किया गया है। जोन संख्या-01 के अंतर्गत वार्ड-सिकरौल में संत अतुलानंद गिलट बाजार चौराहा से चौकाघाट जाने वाली सड़क मार्ग के उत्तर एवं टकटकपुर से पाण्डेयपुर जाने वाली सड़क के दक्षिण वरूणा नदी तक के समस्त क्षेत्र की निगरानी के लिए भूतपूर्व सैनिक अनिल कुमार सिंह को तैनात किया गया है। जोन संख्या-01 के अंतर्गत वार्ड-शिवपुर में जौनपुर जाने वाले सड़क मार्ग के बांयी आरे वरूणा नदी के दांयी ओर के समस्त क्षेत्र की निगरानी के लिए भूतपूर्व सैनिक संतोष यादव को तैनात किया गया है। जोन संख्या-02 के अंतर्गत वार्ड-सारनाथ में अकथा तिराहे से संदहा चौराहा होते हुये गाजीपुर रोड पर प्राधिकरण की सीमा तक तथा अकथा तिराहे से चंद्रा चौराहे से बलुआ रोड पर प्राधिकरण की सीमा के अंतर्गत वरूणा नदी तट तक के सम्पूर्ण क्षेत्र की निगरानी के लिए भूतपूर्व सैनिक राम प्रसाद को तैनात किया गया है। जोन संख्या-02 के अंतर्गत वार्ड-आदमपुर के वरूणा नदी तक के सम्पूर्ण क्षेत्र की निगरानी के लिए भूतपूर्व सैनिक शैलेश सिंह को तैनात किया गया है। जोन संख्या-02 के अंतर्गत वार्ड-जैतपुरा के वरूणा नदी तक के सम्पूर्ण क्षेत्र की निगरानी के लिए भूतपूर्व सैनिक जय शंकर यादव को तैनात किया गया है। जोन संख्या-03 के अंतर्गत वार्ड-दशाश्वमेध में भदोही रेलवे लाईन के दक्षिण तरफ एवं लहरतारा से मोहनसराय रोड के दायीं तरफ का सम्पूर्ण क्षेत्र एवं भदोही रेलवे लाईन से वरूणा नदी का सम्पूर्ण क्षेत्र की निगरानी के लिए भूतपूर्व सैनिक उमा शंकर यादव को तैनात किया गया है। उपरोक्त तैनात भूतपूर्व सैनिक को पहचान पत्र भी जारी किया गया है। उक्त भूतपूर्व सैनिकों को क्षेत्रांतर्गत स्वीकृत मांनचित्र, दाखिल मानचित्र, सील प्रकरण, बकायेदार इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराते हुए बिना सक्षम स्वीकृति हो रहे अवैध निर्माणों पर प्रभावी कार्यवाही कराने के लिए तैनात किया गया है। उक्त तैनाती से वरूणा नदी से संलग्न उपजोन में अवैध निर्माण पर रोक लगेगी साथ ही महायोजना-2031 में वरूणा नदी किनारे नियत ग्रीन बेल्ट का भी संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा एवं शहर के धारणीय विकास को सही दिशा दी जा सकेगी।

**वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर पूर्व सैनिकों की हुई भर्ती**

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 19.01.2025

# पीएम सूर्य योजना को लेकर बैठक

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शनिवार को पीएम सूर्य योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया। बैठक में सभी प्राधिकरण के कर्मचारीगण जिनके निजी आवास वाराणसी शहर में है उन्हें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत वाराणसी विकास प्राधिकरण में कार्यरत नियमित, संविदा तथा समस्त पेंशन धारी कर्मचारियों को अपने घरों पर सोलर प्लांट लगाए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं, जिसके लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कैंप नियमित लगाया जा रहा है। उपरोक्त कार्य की अद्यतन प्रगति की समीक्षा उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में सायंकाल 5.00 बजे से की गयी है, बैठक में समस्त अनुभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ वाराणसी विकास प्राधिकरण में कार्यरत नियमित एवं संविदा कार्मिकों के पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत पंजीकरण की सूचना एवं पंजीकरण न कराने वाले कार्मिकों के विषय में पंजीकरण न कराने के स्पष्ट कारणों की जानकारी मांगी है।



## राष्ट्रीय सहारा–दि0 19.01.2025

# अवैध निर्माण के खिलाफ सील व नोटिस की कार्रवाई

**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की तरफ से जोन-एक की प्रवर्तन टीम ने तरना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही के लिए निमार्णाधीन भवनों पर नोटिस की कार्यवाही की । सील बंद कराये गये निर्माणों का विवरण जोन एक वार्ड-शिवपुर के अंतर्गत राजू यादव, पंकज यादव पुत्र मोती लाल यादव द्वारा आराजी न. 84 मौजा सुद्धिपुर परगना शिवपुर में बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया। जोन एक वार्ड-शिवपुर के अन्तर्गत बल्लार यादव द्वारा मौजा-गणेशपुर तरना परगना-शिवपुर जिला-वाराणसी में बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया। जोन-एक वार्ड-शिवपुर के अन्तर्गत मोहम्मद आलम द्वारा मौजा भेलखों परगना-शिवपुर में बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया।

**निर्माणाधीन भवनों पर नोटिस का विवरण:** वार्ड-शिवपुर के अन्तर्गत अभिषेक द्वारा जयपुरिया स्कूल के पीछे चल रहे अवैध निर्माण पर नोटिस की कार्यवाही की गयी। जोन-एक वार्ड-शिवपुर के अंतर्गत आशीष सिंह द्वारा जयपुरिया स्कूल के पीछे चल रहे अवैध निर्माण पर नोटिस की कार्यवाही की गयी। जोन-एक वार्ड-शिवपुर के अंतर्गत वीरेंद्र प्रताप पुत्र तारा शंकर द्वारा मौजा- सबहिपुर परगना- शिवपुर में हो रहे अवैध निर्माण पर नोटिस की कार्यवाही की गयी।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 19.01.2025

# अवैध प्लॉटिंग को वीडीए ने किया ध्वस्त



चौबेपुर। अवैध प्लाटिंग पर वीडीए इन दिनों सख्त है। ऐसे निर्माणकर्त्ताओं की जहां जांच कर रहीं है ,वहीं अभियान चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी हो रहीं है। इसको लेकर वीडीए की टीम पुलिस फोर्स के साथ शनिवार को चौबेपुरमें पहुंचा। जहां क्षेत्र के उमरहां गांव के समीप संदहा गांव निवासी चंद्रभान सिंह द्वारा विकसित किये जा रहे 2बीघे प्लाटिंग को देखा और जानकारी हासिल की। इस दौरान टीम ने पाया कि अवैधप्लांटिंग की जा रहीं हैं। वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्राधिकरण जोन-2की प्रवर्तन टीम ने अवैध रूप से विकसित किए जा रहे प्लाटिंग को जहां बंद कराया,वहीं जेसीबी मशीन द्वारा उसे ध्वस्त कर दिया। इस अवसर पर जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार,अवर अभियंता वर्तिका दुबे, प्रवर्तन दल सहित चौबेपुर थाने की पुलिस मौजूद रहीं।

## काशीवार्ता–दि0 19.01.2025

# वरूणा क्षेत्र में अब अवैध निर्माण रोकेंगे पूर्व सैनिक

### वीडीए ने वरूणा जोन में 7 सैनिकों को दी जिम्मेदारी, मानचित्र और बकायेदारों की सूची सौंपी

वाराणसी (**काशीवार्ता**)। विकास प्राधिकरण द्वारा वरूणा नदी के किनारे स्थित उप-जोन में अनाधिकृत निर्माणों पर अंकुश लगाने के लिए भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती की गई है। वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा तैनात किए गए भूतपूर्व सैनिकों को आवश्यक कार्यवाही के लिए बिन्दुवार निर्देश दिए गए। इन सैनिकों को अनधिकृत निर्माण होने पर शुरूआत से ही रोक लगाने और प्रभावी कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है। वीडीए द्वारा भूतपूर्व सैनिकों को पहचान पत्र भी जारी किया गया है। उन्हें क्षेत्र के स्वीकृत मानचित्र, दाखिल मानचित्र, सील प्रकरण तथा बकायेदारों की जानकारी प्रदान की गई है। बिना सक्षम स्वीकृति के हो रहे अवैध निर्माणों पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए उन्हें तैनात किया गया है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि इससे वरूणा नदी के किनारे अवैध निर्माणों पर रोक लगेगी और महायोजना-2031 में वरूणा नदी के किनारे नियत ग्रीन बेल्ट का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## 7 उपजोन में इन भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती



अधिकारियों संग बैठक करते वीडीए उपाध्यक्ष। काशीवार्ता

जोन संख्या-01 के वार्ड- सिकरौल - सन्त अतुलानन्द गिलट बाजार चौराहा से चौकाघाट जाने वाली सड़क मार्ग के दक्षिण वरूणा नदी तक के क्षेत्र की निगरानी हेतु भूतपूर्व सैनिक विजय बहादुर सिंह। जोन संख्या-01 के वार्ड- सिकरौल - सन्त अतुलानन्द गिलट बाजार चौराहा से चौकाघाट जाने वाली सड़क मार्ग के उत्तर एवं टकटकपुर से पाण्डेयपुर जाने वाली सड़क के दक्षिण वरूणा नदी तक के क्षेत्र की निगरानी हेतु भूतपूर्व सैनिक अनिल कुमार सिंह। जोन संख्या-01 के वार्ड- शिवपुर जौनपुर जाने वाले सड़क मार्ग के बांयी ओर वरूणा नदी के दांयी ओर के समस्त क्षेत्र की निगरानी हेतु भूतपूर्व सैनिक संतोष यादव। जोन संख्या-02 के वार्ड- सारनाथ अकथा तिराहे से संदहा चौराहा होते हुए गाजीपुर रोड तक एवं अकथा तिराहे से चन्द्रा चौराहे से बलुआ रोड पर प्राधिकरण की सीमा के अंतर्गत वरूणा नदी तट तक के क्षेत्र की निगरानी हेतु भूतपूर्व सैनिक राम प्रसाद। जोन संख्या-02 के वार्ड- आदमपुर वरूणा नदी तक के सम्पूर्ण क्षेत्र की निगरानी हेतु भूतपूर्व सैनिक शैलेश सिंह। जोन संख्या-02 के वार्ड- जैतपुरा वरूणा नदी तक के सम्पूर्ण क्षेत्र की निगरानी हेतु भूतपूर्व सैनिक जय शंकर यादव। जोन संख्या-03 के वार्ड- दशाश्वमेध भदोही रेलवे लाइन के दक्षिण तरफ एवं लहरतारा से मोहनसराय रोड के दायीं ओर के क्षेत्र एवं भदोही रेलवे लाइन से वरूणा नदी तक के क्षेत्र की निगरानी हेतु भूतपूर्व सैनिक उमाशंकर यादव को तैनात किया गया है।

## न्यायाधीश–दि0 19.01.2025

# विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध किया गया ध्वस्तीकरण



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। इसके तहत वार्ड-सारनाथ, थाना-चौबेपुर, मौजा-संदहा उमरहा के अन्तर्गत चन्द्रभान सिंह द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराए लगभग 2 बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी जिसे आज दिनांक 18/01/2025 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी श्री प्रकाश कुमार अवर अभियंता वर्तिका दूबे तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश–दि0 19.01.2025

# जोन-4 की प्रवर्तन टीम ने की निर्माणों के विरूद्ध सील की



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-4 की प्रवर्तन टीम द्वारा 02 अवैध निर्माणों के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड-भेलूपुर के अन्तर्गत काशमीर सिंह व अन्य द्वारा भूखण्ड सं0 भवन सं0-बी-34/131 ए0, भवन सं0-बी-34/131 ए0के0एस0, तथा दीपक मिश्रा व अन्य द्वारा भूखण्ड सं0 भवन सं0-बी-33/33-ए., भवन सं0-बी-33/33-ए., रोहित नगर नरिया के सामने बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था , जिसके विरुद्ध पूर्व मे उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-27 के अंतर्गत कारण बताओ एवं धारा-28 के अन्तर्गत विकास कार्य

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 19.01.2025

# वीडीए ने तैनात किये भूतपूर्व सैनिक जो रखेंगे अवैध निर्माण पर नज़र, लगाएंगे रोक

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर वरूणा नदी के किनारे से संलग्न उप जोन में अनाधिकृत निर्माण पर अंकुश लगाने हेतु भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती की गयी है। उपाध्यक्ष वी0डी0ए0 द्वारा तैनात किये गये भूतपूर्व सैनिकों को आज आवश्यक कार्यवाही हेतु बिन्दुवार निर्देश दिया गया। इन भूतपूर्व सैनिको को अनधिकृत निर्माण होने पर प्रारम्भ में ही पूरी तरह बन्द कराते हुए प्रभावी कार्यवाही कराने का निर्देश दिया गया है। विकास प्राधिकरण द्वारा 7 उपजोन में भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती की गयी है।उपरोक्त तैनात भूतपूर्व सैनिक को पहचान पत्र भी जारी किया गया है। उक्त भूतपूर्व सैनिकों को क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत मानचित्र, दाखिल मानचित्र, सील प्रकरण, बकायेदार इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराते हुए बिना सक्षम स्वीकृति हो रहे अवैध निर्माणों पर प्रभावी कार्यवाही कराने हेतु तैनात किया गया है। उक्त तैनाती से वरूणा नदी से संलग्न उपजोन में अवैध निर्माण पर रोक लगेगी साथ ही महायोजना-2031 में वरूणा नदी किनारे नियत ग्रीन बेल्ट का भी संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा एवं शहर के धारणीय विकास को सही दिशा दी जा सकेगी।



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग बैठक में भूतपूर्व सैनिकों को उनके कार्यों के बाबत उन्हें अवगत कराते हुए